दैनिक जागरण 15.12.07

जहानाबाद जागरण

उग्रवाद की जमीन पर लगा विकास का महामेला

• आयुक्त बेबी रमैया ने जिलेवार के दौरे लोगों की बदली मानसिकता की सराहा

[illegible]

पूर्व मध्य रेल

[illegible]

हिन्दुस्तान 15.12.07

बदली-बदली लग रही सिकरिया की फिजां

कहीं नहीं थी नफरत, सर्वत्र दिख रहा था उल्लास

संजय कुमार

जहानाबाद। न कोई भय, न रोक-टोक और न ही नेतृत्व। सर्वत्र उल्लास का माहौल। लोगों में कुछ पाने की लालसा। आदर्श अनुशासन की प्रस्तुत कर महिलाओं में जागृति। यह सब शुक्रवार को दिखा बाजार प्रांगण मुसेपुर भेलाइ (सिकरिया) में। अवसर था जिलाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के द्वारा आयोजित मेगा शिविर, जहां लोगों में बदला हुआ सोच स्पष्ट कर रहा था कि 1980 के दशक एवं आज के सिकरिया में जमीन-आसमान का अंतर है। एक समय था कि दिन के उजाले में भी लोग सिकरिया एवं आसपास के गांवों में जाते-आते में भयभीत रहते थे। नक्सली गतिविधियों से पूर्णतः सराबोर रहे तथा कई हिंसक घटनाओं का दंश झेल चुके सिकरिया पंचायत क्षेत्र में आज अमन-चैन बहाल है और यह संभव हुआ है उक्त नक्सली बेल्ट में विकास की गति तेज करके। जति जहानाबाद प्रखंडांतर्गत सिकरिया, मोकामा, गांधीनगर, भलानीचक, मुरैगापुर एवं जामुक पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने की सरकार की योजना के तहत यहां करोड़ों रुपए की लागत से बाजार प्रांगण स्थापित कर उसमें कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, अस्पताल, बैंक, गोदाम, पंचायत व किसान भवन, दुग्ध उत्पादन केन्द्र, जविप्र दुकानें व सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस कैम्प स्थापित किए गए हैं। सर्वांगीण विकास हेतु सरकार द्वारा कई कार्यक्रमों का यहां क्रियान्वयन किया गया है। रोजगार कार्यालय खोला गया है जहां रोजगार सेवक की तैनाती की गई है। इलाके के कुछ लोगों में यह चर्चा थी कि राज्य भी रहा है पर ठीक ठाक रहे तब तो। इस चर्चा को एस अग्रवाल का स्पष्ट कथन है कि पारदर्शिता के साथ काम होगी लेकिन लोगों को फायदे देने के लिए जागरूक होना होगा। उपरांत प्रभावित रहे जहानाबाद जिले में विकास के जरिए व्यापक लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में सिकरिया चालनी जरूर प्रस्तुत किया है लेकिन पूरे जिले में अमन की बहाली हेतु अन्य पंचायतों का भी विकास के जरिए कायाकल्प करने की जरूरत लोग महसूस कर रहे हैं। तथ्य उपमुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान आकृष्ट करा गया व्यक्त की है कि वे जिले के अन्य प्रखंड व पंचायतों पर भी ध्यान दें ताकि जिला आदर्श बन सके।

ग्रामीणों ने पेश किया आदर्श अनुशासन का नमूना

अन्य पंचायतों पर भी डीएम की इनायत की चाह

सिकरिया पंचायत की तरह अन्य पंचायतों का होगा विकास : आयुक्त

प्रतिनिधि

महानगर(बेटेई): मंडल प्रशासन के आयुक्त केपी रामैया ने कहा कि गांव के विकास के लिए प्रशासन पूरी तरह संकल्पित है. गांवों की बुनियादी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया मेगा शिविर

जा रहा है. आयुक्त शुक्रवार को उद्घाटनगर सिकरिया गांव में आयोजित मेगा शिविर के उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य समस्याओं का निपटान अब पंचायत में ही दूर किये जाने की योजना को पूरा करने में प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है. उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना लोगों का सर्वांगीन विकास नहीं हो सकता है.

उन्होंने लोगों से अपने बच्चे एवं बच्चियों को विद्यालय भेज कर अज्ञानता रूपी कलंक को मिटा डालने की अपील की. आयुक्त ने कहा कि सिकरिया पंचायत की तरह ही जिले के सभी पंचायतों को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि सिकरिया गांव में सभी सुविधाएं मुहैया करा दी गयी है, ताकि छोटे-मोटे कार्यों के लिए ग्रामीण जनता को जिला मुख्यालय जाना न पड़े. उन्होंने लोगों से स्वयं सहायता समूह बना कर विकास कार्यों का लाभ उठाने की अपील की.

शिविर का उद्घाटन करते अतिथि.

इसी अवसर पर डीआइजी प्रवीण मलिक ने कहा कि जनता का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ा है. इसके साथ ही जो विकास की रोशनी इस गांव में देखने को मिल रही है. इसके ही अभाव में पिछड़ा माना जाता है. गांव में भाईचारे का वातावरण कायम हुआ है. इस अवसर पर सांसद द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए डीएम संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सिकरिया ज्ञान केंद्र में तकनीकी शिक्षा और मजबूत करने के लिए तीन कंप्यूटरों की जगह पांच कंप्यूटरों को लगा दिया गया है. वर्कशॉप बाई में दो छह बेड का अस्पताल संचालित किया जायेगा. दो चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है. राजस्व शिविर कर्मचारी भी यहां मौजूद रहेंगे, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने का झंझट उठाना न पड़े. यहां बिजली, पैक्स, आंगनबाड़ी प्रणाली की दुकान, बाल ग्रामीण बैंक की शाखा, दुग्ध केंद्र, अनाज गोदाम तथा अन्य संसाधनों को यहां उपलब्ध करा दिया गया है, जो आज से ही संचालित हो जायेगी. डीएम ने कहा कि जल स्वच्छता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण शुद्ध रूप से कराया जा रहा है. इस इलाके की सड़कों का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है. मेगा शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे. शिविर में पहली बार राशन कार्ड, उपजिलाधिकारी अनुमंडलाधिकारी जितेंद्र कुमार चौधरी, डीआरडीए के निदेशक, एसडीपीओ अनंत श्रीवास्तव, विभिन्न कार्यों के अन्य प्रभारी सहित सभी विभागों के क्षेत्र पदाधिकारी स्थानीय मुखिया के अलावा बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे.

सिकरिया में दिखा सुशासन का असर, बहने लगी विकास की लहर

आज 15.12.2017

(जहानाबाद कार्यालय)

जहानाबाद, 14 दिसम्बर। जनता के पास पहुंचकर उनके समस्याओं का निदान करने का सुनहरा अवसर मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार के 'लोक संवाद' की परिकल्पना को साकार करते हुए जहानाबाद जिला प्रशासन ने जदयू प्रखंड के सिकरिया गांव में मेगा शिविर का आयोजन किया। सूबे के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की पहल पर करोड़ों रुपये की लागत से सिकरिया में चले बाजार समिति के प्रांगण में आयोजित इस मेगा शिविर का शुभारंभ करने मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री एन.के. सिन्हा तथा मगध रेंज के डीआईजी श्री प्रवीण बक्सिंह।

- सरकार आपके द्वारा के तहत मेगा शिविर संपन्न
- जिले में विकास का गवाह बने आयुक्त व डीआईजी

ना कोई पैसा और ना ही किसी प्रकार की राजनीति लिये हैं बिना दुआ विकास की राजनीति। आमजन के लोगों ने ज्यादा जनसंपर्क यह आसान बनाने के लिए कहा कि अब लोग विकास से वंचित करने वाले नहीं है। इस परिवर्तन को देख खुशी से गद्गद आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि अब विकास की लहर चल पड़ी है और जनता है कि आप इस लहर के साथ अपने आपको लेकर चल लें।

सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को आम तक पहुंचाने के लिए खुद सरकार आपके द्वारा तक पहुंच रही है इसलिए जरूरी है कि आप इसका ईमानदारी पूर्वक लाभ उठायें और अपने आप को विकास के मुख्य धारा से जोड़ लें।

इन्होंने अपने संबोधन में मुख्य रूप से शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही मानसिकता में बदलाव आता है और जबतक विकास के प्रति मानसिक परिवर्तन नहीं होगा विकास की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती और इसके लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को अपने बच्चों को बिना विभेद के शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। इस जनसमूह को संबोधित करते हुए डीआईजी प्रवीण बक्सिंह ने कहा कि आज मशीन में काफी परिवर्तन हो गया है। इनोवेटिव आर्थिक विकास के प्रति प्रयत्नशील है। सरकार, समाज व लोग को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए जरूरी है कि विकास के कार्य में आप ग्रामीण जनता भी अपनी प्रतिबद्धता दिखायें।

इस अवसर पर जिले को बहुमुखी विकास के पटरी पर आगे के लिए प्रयत्नशील व प्रतिबद्ध जिलाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सिकरिया का विकास [illegible] लिए चुनौती है और मैं पूरी निष्ठा के साथ कह सकता हूं कि आने वाले दिनों में यह पंचायत प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर विकास के लिए अनुकरणीय होगा। जिला प्रशासन जिले के सभी हमारे पिछड़े क्षेत्र व लोगों के विकास के लिए तत्पर है बस जरूरत है आप सभी लोगों के सकारात्मक सहयोग की। आप आयोग के सकारात्मक सहयोग का ही नतीजा है कि पूरा प्रशासनिक महकमा आपके समस्याओं के निदान के लिए आपके द्वार तक आ चुका है तथा साथ ही साथ आमजन को स्थायी सुविधा मिले इसके लिए इस प्रांगण में सभी मूलभूत सुविधाओं का व्यवस्था किया गया है। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त [illegible] सिंह, स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा, स्थानीय पुलिस सहित दर्जनों अनेक पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। इससे पूर्व इस सभा का विधिवत उद्घाटन आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद टेहटा कन्या मध्य विद्यालय व सिकरिया मध्य विद्यालय के छात्राओं ने इसके आगमन पर स्वागत गान प्रस्तुत किया। टेहटा कन्या मध्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा सैद्धांतिक जागरूकता पर किये गये नाटक मंचन को पदाधिकारियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन डीआरडीए के निदेशक [illegible] तिवारी ने किया और अपने मनमोहक अंदाज से पूरे जनसमूह को पूरे कार्यक्रम तक बांधे रखा। सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अंचल समाहर्ता मुसहरी राम ने दिया।

नवबिहार 15.12.2017

सिकरीया में बही विकास की गंगा

करोड़ों रुपये की लागत से बने बाजार प्रांगन का हुआ उदघाटन

[illegible]

किसान मेला आयोजित, पांच छात्रों को छात्रवृति

राष्ट्रीय सहारा 15-12-07

सिकरिया में बही विकास की गंगा

- प्रमंडलीय आयुक्त ने किया विकास मेले का उद्घाटन
- करोड़ों रुपए की लागत से बने बाजार प्रांगण

[illegible]

[illegible]

[illegible]